सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

विश्व हिन्दी दिवस की बहुत-बहुत बधाई। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय के मुख्यालय और विदेश स्थित भारतीय मिशनों एवं केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।

किसी भी देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान को सुदृढ़ करने में भाषा की अहम् भूमिका होती है। अनेक भाषाओं और संस्कृतियों से हमारा देश समृद्ध है।

हिन्दी साहित्य के पुरोधा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी ने 'निज भाषा उन्नति' को हर उन्नति का आधार कहा था। भाषा की सरलता और सहजता के कारण हिंदी का हमारे ज्ञान और संस्कृति के संचार में अहम् योगदान है।

विश्व की सर्वाधिक प्रचलित भाषाओं में शामिल हिन्दी की निरंतर प्रगति उत्साहवर्धक है। हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न केवल अपनाया जा रहा है, बल्कि विदेश स्थित पाठशालाओं और विश्वविद्यालयों में काफी संख्या में लोग इसका अध्ययन कर रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीक के क्षेत्र में हिन्दी का बढ़ता उपयोग और युवाओं में इसकी लोकप्रियता एक उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत करती है।

यह देखकर हर्ष होता है कि विश्व भर में बसे भारतवंशी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परम्पराओं और मातृभाषा से जोड़ने के प्रति जागरूक प्रयास कर रहे हैं। भारत के संस्कारों और सरोकारों से युवाओं को जोड़ने के ये सभी कार्य प्रशंसनीय हैं।

विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर देश-विदेश में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों से जुड़े सभी लोगों को बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
पौष 17, शक संवत् 1943
07 जनवरी, 2022